स्पेन का पलड़ा निश्चित रूप से फाइनल में भारी होगा क्योंकि जिस तरह से वे खेल रहे हैं, उसे देखकर उनकी टीम पूरी तरह से संतुलित दिख रही है। वे तकनीकी रूप से अच्छा खेल दिखा रहे हैं। – **बाईचुंग भूटिया**

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान, रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ यूरो कप फाइनल में स्पेन के जीतने की संभावना जताते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

तूलिका मान

देश की युवा जूडो खिलाड़ी तूलिका मान ने पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक गेम्स के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। बर्मिंघम में 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में मान ने रजत पदक अपने नाम किया था। तूलिका मान शुरुआत से ही जूडो की सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। वो राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। जूनियर लेवल पर वो रजत पदक जीत चुकी हैं। तूलिका 2019 से अंतरराष्ट्रीय जूडो फेडेरेशन के विश्व टूर में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने ताइपे में एशियन ओपन में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

क्या आप जानते हैं ?... एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

जायसवाल और कप्तान गिल के अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने जीती टी-20 श्रृंखला

हरारे, 13 जुलाई। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया।

जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। टी20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाये।

जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्धशतक बनायेंगे।

गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे। लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली। लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा।

भारतीय जूनियर पुरुष हैंडबॉल टीम में राजस्थान के मोहित, हर्षित मेनारिया व प्रियांशु शर्मा शामिल

टीम के कोच होंगे प्रदेश के मो. जाकिर, जॉर्डन में खेली जाएगी

जयपुर, 13 जुलाई। अम्मान (जॉर्डन) में 14 से 26 जुलाई तक खेले जाने वाली एशियन जूनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ियों मोहित, हर्षिल मेनारिया व प्रियांशु शर्मा का चयन हुआ है। भारतीय टीम के कोच राजस्थान के जोधपुर के मोहम्मद ज़ाकिर है। भारतीय टीम शनिवार को अम्मान पहुंच गयी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान के श्रीगंगानगर के मोहित सेंटर बैक की पोजीशन पर, उदयपुर के हर्षिल मेनारिया लेफ्ट बैक की पोजीशन पर व जयपुर के प्रियांशु शर्मा गोलकीपर की पोजीशन पर खेलते है। भारतीय टीम के नई दिल्ली से रवानगी से पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय, महासचिव डा. तेजराज सिंह ने भारतीय टीम के चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला दूदू

क्रमांक-एलआर/24/2383 दिनांक- 11.07.2024

आम सूचना

जरिये प्रार्थना पत्र अनुराधा विशनावत पुत्री हरिदास सिंह उर्फ हरिदास बारैठ जाति चारण निवासी दूदू एवं पटवारी हल्का ईटाखोई की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम नगरी के खाता नं. 04 किता 2, रकबा 0.59 हैक्टर। में हि. 1/84 खाता सं. 5 किता 1, रकबा 0.02 है. में हिस्सा 1/84 खता सं. 6 किता 1 रकबा 0.44 है. में हिस्सा 1/84 खाता सं. 7 किता 1, रकबा 0.03 हैक्टर में हिस्सा 1/84 खाता सं. 8 किता 3 रकबा 1.31 है. में हि. 1/84 खाता सं. 9 किता 6 रकबा 1.57 है. में हि. 1/84 खाता सं. 31 किता 1, 0.03 है.। खाता सं. 53 किता 2 रकबा 0.95 है. में हि. 1/28 खाता सं. 10 किता 19 रकबा 4.80 है. में हि. 1/84 खाता सं. 180 किता 7 रकबा 0.73 है हि. 1/84 खाता सं. 30 किता 11 रकबा 7.67 है. में हि. 1/7 रकबा मृतक खातेदार हरिदास पुत्र प्रभुदान जाति चारण सा. देह की विरासत के नामान्तरण की कार्यवाही RLR ACT 1956 की धारा 135 (2) के अन्तर्गत न्यायालय हाजा में जेरकार है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ग्राम नगरी के उक्त खसरा नम्बरान में मृतक खातेदार हरिदास पुत्र प्रभुदान जाति चारण नि. दूदू की विरासत का नामान्तरण अनुराधा विशनावत पुत्री हरिदास सिंह जाति चारण निवासी दूदू के पक्ष में खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/हक हो तो आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

तहसीलदार (भू.अ.)
तहसील दूदू (जिला दूदू)

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4366/24
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी सरोज गुप्ता पत्नि स्व. श्री केशवदेव गुप्ता आयु 86 निवासी-23 अरविन्द पार्क, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-302015 जरिये विशेष मुख्त्यारनाम संध्या गुप्ता पत्नि श्री राजेश गुप्ता निवासी-23, अरविन्द पार्क, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-302015
मृतक श्रीमती दीपा गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 13.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती दीपा गुप्ता पुत्री स्व. श्री केशव देव गुप्ता 301, अनुकम्पा अपार्टमेन्ट, मालवीय नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 08 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 28 माह 05 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया ने मृतका दीपा गुप्ता के नाम प्रा.पत्र में वर्णित चल सम्पति बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

गुकेश और प्रज्ञानानंदा 45वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में

चेन्नई, 13 जुलाई। भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। गुकेश (18 वर्ष) ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी

हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अज्ञात कारणों से टीम से बाहर हैं जिन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने पहली बार 2022 में ओलंपियाड के पिछले चरण की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान देश ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपियाड का 45वां चरण होगा। हंगरी पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी मेजबानी करेगा।

नोवाक व कार्लोस के बीच फाइनल

लंदन, 13 जुलाई। रविवार यानी 14 जुलाई को विम्बलडन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष सिंगल्स के फाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले में सर्बिया के स्टार नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज आपस में भिड़ेंगे। लंदन में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक ने 25वीं सीड इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को सीधे सेटों में 6-4, 7,6 (2), 6-4 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया था। मेदवेदेव मौजूदा विम्बलडन चैंपियन हैं। अल्कारेज ने पिछले साल नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था। अब जोकोविच का लक्ष्य सेंटर कोर्ट पर मिली हार का बदला चुकता करने पर होगा।

सेमीफाइनल में युवराज ने की ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की कुटाई

नई दिल्ली, 13 जुलाई। युवराज सिंह को भारत के महान ऑलराउंडर्स में गिना जाता है। युवराज अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते थे, वहीं एक बार उन्होंने साबित कर दिया कि उनके जैसा बल्लेबाज बन पाना मुश्किल है। भारत ने 2007 में टी20 वर्ल्ड कप और साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इन दोनों ही टूर्नामेंट में युवराज सिंह को योगदान बेहद अहम था। युवराज ने अपने बल्ले से जो पारियां खेलीं थी उनकी याद आज भी हर किसी के जहन में है।

युवराज को संन्यास लिए कई समय हो गया लेकिन उनकी बल्लेबाजी में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। दरअसल, युवराज सिंह इन दिनों वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेल रहे हैं। युवराज इंडिया चैंपियंस की कप्तानी कर रहे हैं और अपनी कप्तानी में वह टीम को फाइनल में ले गए हैं। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने ऐसी ताबड़तोड़ पारी खेली कि देखने वालों को विंटेज युवराज याद आ गए। 9 गेंदों में मचाया कोहराम

बता दें कि, युवराज ने इस मैच में 28 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली। इससमें से 46 रन तो युवराज ने महज 9 ही गेंदों में बना लिए। युवराज ने इस मैच में पांच छक्के मारे। यानी 30 रन छक्कों से आ गए। वहीं चार गेंदों पर उन्होंने चौके लगाए जिसका मतलब है कि 16 रन उन्होंने महज चौके से बटोरे। 9 गेंदों पर उनके बल्ले से निकले कुल 46 रन। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 210.71 का रहा। युवराज ने इस दौरान अपने वही पुराने शॉट्स दिखआए जो उनकी बल्लेबाजी की खूबसूरती हुआ करती थी।

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज
क्रमांक: एफ-56() सि.ला.जो./नमिज/2024/998 दि.: 11.07.2024

अलापति आमंत्रण सूचना

भूखण्ड संख्या 56 वेंकटेश्वर नगर सोडाला जयपुर (न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि०) का पटटा जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मनोज कुमार छाबड़ा को किया गया है। मनोज कुमार छाबड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री निशांत छाबड़ा के हित में की है। मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वसीयत नामा व अन्य दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री निशांत छाबड़ा के नाम से किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तान्तरण के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करे अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त सिविल लाईन जोन,
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा जोन-6/2024/डी-1152

सार्वजनिक सूचना दिनांक-22.05.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री विमल कुमार पुनमीया द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद की प्रति के आधार पर म्युचुअल हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड की योजना स्कीम नम्बर 24 (रजत विहार) के आवासीय भूखण्ड संख्या-26 क्षेत्रफल 267.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त योजना की सदस्यता सूची में उक्त भूखण्ड पर आवंटी का नाम भिन्न होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है।
अत इस संबंध मे यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा भूखण्ड संख्या-26 का श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री विमल कुमार पुनमीया के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-06
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 248/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री गौरव झालानी पत्र बनवारी लाल झालानी निवासी डी-151 बापू नगर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत राजस्थान डिसेब्ल (डिफरेंटली एबल्ड) क्रिकेट एसोसिएशन, प्रन्यास कार्यालय पता प्लाट नं डी-151 बापू नगर जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग मे उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19.09.2024

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सरकार
जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर(ग्रामीण)
रीको क्षेत्रीय कार्यालय के सामने
22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर 302006
ई-मेल dicjprrural@rajasthan.gov.in

क्रमांक- F9()MSEFC-Jai- Div / Rural/2024/1178
Ambika Trade Link, दि.12.06.24
3ma/267, Indira Gandhi
Colony, Sector-3. Jagatpura Jaipur,302017

अंतिम नोटिस

केस नम्बर - RJ /17/S/JPR/01306

मैसर्स Shri Radhika Nonwoven Private Limited 191 Shiv Nagar Murlipura Scheme Road No- 1, Jaipur द्वारा आपको आपूर्ति किये गये Trooling की विलम्बित भुगतान राशि रूपये 627811/- का भुगतान आप द्वारा आपूर्तिकर्ता इकाई को नहीं किये जाने के कारण आपूर्तिकर्ता द्वारा एमएसएमई एक्ट 2016 की धारा 18 के अन्तर्गत सुविधा परिषद को रेफरेन्स प्रस्तुत करने पर बैठक दिनांक 20.11.2024 में आपूर्तिकर्ता व आपको समन रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया जाकर वाद के सम्बन्ध में सुविधा परिषद के समक्ष उपस्थित होने हेतु लिखा गया। सुविधा परिषद के समक्ष बैठक में आपकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। बैठक दिनांक 09.02.2024 हेतु मीटिंग नोटिस दिनांक 08.02.2024 को रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया गया। पुनः बैठक दिनांक 15.05.2024 हेतु मीटिंग नोटिस दिनांक 08.05.2024 को रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया गया। उक्त बैठक में भी आपकी ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ और ना ही आपका कोई जवाब परिषद को प्राप्त हुआ। आपके बार-बार अनुपस्थित होने के कारण परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रकरण में निर्देशित किया गया कि क्रेता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के समाचार पक्ष के माध्यम से आपूतिकर्ता स्वयं के व्यय पर क्रेता के लिए सुनवाई के अंतिम अवसर की लोक सूचना प्रकाशित करावें।
अतः जरिये अंतिम नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपूर्तिकर्ता इकाई को विलम्बित बकाया भुगतान न किये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्युत्तर अविलम्ब प्रस्तुत करें, अन्यथा राजस्थान सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद नियम-2018 के प्रावधान के अनुसार विलम्बित भुगतान पर चक्रवर्ती ब्याज लगाकर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार अवार्ड पारित कर दिया जायेगा।

भवदीया
(सविता केजरीवाल) उपायुक्त
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर(ग्रामीण)

सिकंदर रजा ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

ऐसा करने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 13 जुलाई। हरारे में भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी20 मैच खेला जा रहा है। जहां इस मुकाबले में जिम्बाब्वे केसिकंदर रजा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है।

दरअसल, वे जिम्बाब्वे की टीम के लिए टी20आई क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। एक और बड़ी उपलब्धि उन्होंने अपने नाम की है। वे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2000 रन और 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले

दुनिया के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ चौथे टी20आई मैच में ये उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा निजी स्कोर भी बनाया है, अभी तक वे भारत के खिलाफ 34 रन ही बना पाए थे।

ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने जैसे ही भारत के खिलाफ हरारे में जारी चौथे टी20आई मैच में 13वें ओवर का आखिरी गेंद पर 17वां रन बनाया, वैसे ही वे जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर सीन विलियम्स हैं। उन्होने 1691 रन जिम्बाब्वे के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए हैं। तीसरे नंबर पर हैमिल्टन मासकाद्जा हैं, जिन्होंने 1662 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे की टीम के कप्तान ने भारत के खिलाफ 46 रनों की पारी केली।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को कैंसर, कपिल देव ने डोनेट की अपनी पेंशन

नई दिल्ली, 13 जुलाई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ वर्तमान समय में कैंसर से जूझ रहे हैं। कैंसर की जंग में अंशुमन के पास पैसों की तंगी है। कैंसर का इलाज काफी महंगा होता है और पूर्व भारतीय कोच के पास इतने पैसे नहीं हैं। लिहाजा पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज कपिल देव समेत अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी अंशुमन की मदद के लिए आगे आए हैं।

विम्बलडन महिला फाइनल में पाओलिनी का सामना क्रेइसिकोवा से

लंदन, 13 जुलाई। इटली की जैसमीन पाओलिनी का सामना विम्बलडन महिला एकल फाइनल में चेक गणराज्य की बारबरा क्रेइसिकोवा से होगा। सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का यह लगातार

दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल है। उन्हें फ्रेंच ओपन फाइनल में इगा स्वियातेक ने हराया था। वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सत्र में फ्रेंच ओपन और विम्बलडन फाइनल मेंपहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। वहीं क्रेइसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन जीता था और अगर यहां जीतती हैं तो उनका दूसरा ग्रैंडस्लैम होगा। उन्होंने महिला युगल में सात ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। पिछली बार की चैम्पियन मारकेटा वोंड्रोसोवा पहले दौर में ही हार गई थी।

झूलन गोस्वामी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 13 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बाद अब वेस्टइंडीज भी अपने यहां महिला टी20 क्रिकेट लीग शुरू कर चुका है। अगले महीने की 21 तारीख से विमंस कैरिबियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन की शुरुआत होगी। ये लीग 29 अगस्त तक चलेगी। इस लीग में भारत महिला तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी नजर आएंगी। वह एक टीम की मेंटॉर के तौर पर इस लीग में दिखाई देंगी। इस लीग में भारत की कई महिला खिलाड़ी भी खेलेंगी। इस लीग में अभी सिर्फ तीन ही टीमें हैं जिसमें से दो टीमें आईपीएल फ्रेंचाइजियों की टीमें ही हैं।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय ध्वजवाहक बने शरत

नई दिल्ली, 13 जुलाई। इसी महीने पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल को ध्वजवाहक बनाया गया है। चार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, दो एशियन गेम्स के मेडल्स, तीन ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने के साथ साथ दो आईटीटीएफ प्रो टूर खिताबों के साथ, शरत कमल यकीनन भारतीय इतिहास के अब तक के सर्वश्रेष्ठ भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय टीम से उन्हें बुलावा 2002 के कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले आया, जहां उन्हें 16-सदस्यीय संभावित प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया था। शरत कमल को 20 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत करने के लिए यही ब्रेक चाहिए था। शिविर के अनुभव ने उन्हें आत्मविश्वास दिया और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के संपर्क ने उन्हें बेहतर बनाया।

अचंत शरत कमल का जन्म 12 जुलाई 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। यह शहर अपने टेबल टेनिस कौशल और कई राष्ट्रीय चैंपियनों के लिए जाना जाता है। टेबल टेनिस शरत के परिवार के जीन में था और उन्हें इससे मदद भी मिली। शरत के पिता श्रीनिवास राव और चाचा मुरलीधर राव ने अपने शुरुआती दिनों में टेबल टेनिस खेला था और फिर उन्होंने कोचिंग में हाथ आजमाया। शरत कमल ने चार साल की उम्र में इस खेल को खेलना शुरू किया। हालांकि, उन्होंने आयु-वर्ग की श्रेणियों को चुनौतीपूर्ण पाया और 15 साल की उम्र में उन्हें एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। इस दौरान वह या तो अपनी पढ़ाई जारी रख सकते थे या खेल में अपना करियर बना सकते थे। अब या तो उनके पास इंजीनियर बनने का मौका था या एक खिलाड़ी।

शरत कमल ने टेबल टेनिस को चुना और अब इसे अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक मानते हैं। उनके पिता और चाचा ने युवा को कोचिंग देना शुरू किया, लेकिन शरत को फिर भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस खिलाड़ी की खेलने की शैली आक्रामक थी, जिसकी वह से वह कभी निरंतरता हासिल नहीं कर सके। राष्ट्रीय टीम से उन्हें बुलावा 2002 के कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले आया, जहां उन्हें 16-सदस्यीय संभावित प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया था। शरत कमल को 20 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत करने के लिए यही ब्रेक चाहिए था। शिविर के अनुभव ने उन्हें आत्मविश्वास दिया और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के संपर्क ने उन्हें बेहतर बनाया।

आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ में नेपाल ने जीता कांस्य

जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान पर रही मालदीव, दोनों वर्गों में भारत का खिताबी मुकाबला आज बांग्लादेश से

जयपुर, 13 जुलाई। आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल में शनिवार को नेपाल और मालदीव के लिए मिश्रित भाग्य रहा। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में अंडर-18 यूथ वर्ग में कास्यं पदक जहां नेपाल ने जीता, वही मालदीव ने अंडर-20 जूनियर वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। रविवार को फाइनल मैच खेला जायेगा। फाइनल में मेजबान भारत अंडर-18 यूथ और अंडर-20 जूनियर वर्ग में बांग्लादेश से खेलेगा।

पहला फाइनल मैच शाम 4 बजे व दूसरा फाइनल शाम 6 बजे होगा। अंडर-18 यूथ वर्ग के नेपाल ने रोमांचक मैच में मालदीव को 31-29 गोलो से हराकर कांस्य पदक

जीता। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को हार्डलाइन मैंच में नेपाल और मालदीव मध्यान्तर तक 16-16 गोलो से बराबरी पर थे। मालदीव ने मैच में अच्छी शुरूआत की और बढत भी बनाई। मैच शुरू होने के 10 मिनट तक मालदीव नेपाल से बेहतर खेली लेकिन इसके बाद ओवर कॉन्फिडेंस के कारण वह पिछड गई और मध्यान्तर तक आते-आते नेपाल ने बढत कम की और स्कोर 16-16 कर दिया। मध्यान्तर के बाद मालदीव ने फिर मैच पर पकड बनाई और फिर पुरे मैच में संघर्ष करती रही।

नेपाल के लिए सोनिश ने सर्वाधिक 12 गोल किए। रितिक परियाग ने 5, प्रशोन बिशोकर्मा, नीरज गुरंग, निशान पून ने 3-3, रोशन बिशोकर्मा, बिबेक थापा ने 2 और सुशान्त देव ने 1 गोल का योगदान दिया। मालदीव के लिए शफीग अब्दुल्ला अज्जाम ने 10, शाहीम लोफान अहमद, फ़ैयाज़ मोहम्मद दीना ने 5-5, जलील अब्दुल्ला नेसाम ने 3, मोहम्मद हुसैन अफजल ने 2, अल मजीद, हमजा।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम इंदिरा देवी (Indira Devi) से बदलकर इंदिरा देवी (Indra Devi) धर्मपत्नी पुखराज रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। इंदिरा देवी (Indra Devi) धर्मपत्नी पुखराज निवासी पादुखुर्द तहसील रियाबंडी जिला नागौर

मेरे पति पुखराज पुत्र तुलसीराम, भारतीय सेना के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम इन्द्रा देवी (Indira Devi) दर्ज है। जबकि वास्तविक नाम इन्द्रा देवी (Indra Devi) हैं, जो सही एवं सत्य है। भविष्य में स